Name of the DIET- DIET Bhimtal

District Name- Nainital

Email of the DIET-dietbhimtalnainital2014@gmail.com

State- Uttarakhand

Name and mobile number of contact person-Rajesh Kumar Joshi 9917721251

# किशोरवय बालिकाओं हेतु संचेतना कार्यशाला

**कार्यक्रम का परिचय –**भारत सरकार बालिका शिक्षा एवं उनके सशक्तीकरण हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

इस संदर्भ में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा समय– समय विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है, व बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षा व विकास हेतु विशेष प्रयास किए जाते है। उन प्रयासों को साकार करने लिए प्रस्तुत कार्यक्रम की अनिवार्यता अनुभव की जा रही है।

**कार्यक्रम का उद्‌देश्य–**विकासखण्ड स्तर पर किशोर वय वर्ग की बालिकाओं के सेमिनार के आयोजन का उद्‌देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं समाज में बालिकाओं का महत्व व कार्य करने के अवसर ,व्यवसाय हेतु विभिन्न क्षेत्र, कैरियर व अन्य आवश्यक विषयों से बालिकाओं को अवगत कराना।

**लक्ष्य समूह–**इस कार्यशाला में प्रत्येक विकासखण्ड पर चयनित 100 बालिकाओं को सम्मिलित किया जाता है।। चयनित विद्यालय की 100 बालिकाए कार्यशाला में प्रतिभाग करती हैं।

**औचित्य–** भारत सरकार बालिका शिक्षा एवं उनके सशक्तीकरण हेतु निरन्तर प्रयासरत है। इस सन्दर्भ में सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है।यह कार्यक्रम बालिकाओं के विकास उनके स्वस्थ्य जीवन सामाजिक सम्मान, लैंगिक असमानता, अधिकारों के प्रति जागरूकता, सरकार द्वारा बालिकाओं के विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों हेतु औचित्यपूर्ण है।

**कार्यनीति–** इस कार्यशाला में जनपद के आठ विकासखण्डों में प्रत्येक विकास खण्ड से चयनित 100 बालिकाएं एक दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग करती हैं। यह कार्यशाला नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक मे सम्पादित की जाती है। विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, पुलिस

प्रशासन आदि के प्रतिनिधि बालिकाओं को अपने विभाग से सम्बन्धी बालिका सुरक्षा, पाक्सो, किशोरावस्था की समस्याएं कैरियर काउंसिलिग आदि पर जानकारी प्रदान कर उनकी समस्यायों का निदान कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

**कार्यक्रम की उपयोगिता/प्रभाव**—यह कार्यक्रम बालिकाओं के विकास, उनके स्वस्थ जीवन, सामाजिक सम्मान लैंगिक असमानता अधिकारों के प्रति जागरूकता , सरकार द्वारा बालिकाओं के विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों हेतु औचित्यपूर्ण है। इसका बालिकाओं पर सकारात्मक एवं व्यापक प्रभाव बालिकाओं पर पड़ा है। प्रति वर्ष 8 विकासखण्डों की 800 बालिकाएं लाभान्वित हो रही है। यह कार्यक्रम 2019 से संचालित किया जा रहा है।




हेतु एक दिवसीय
सेमिनार / कार्यशाला दिनांक
पोषण अभियान



बालिकाओं हेतु एक दिवसीय
सेमिनार / कार्यशाला दिनांक – 21.12.2021

सेमिनार / कार्यशाला दिनांक
स्थान अटल उत्कृष्ट एल0 पी0 रा0 इ0
सह – संयोजक
आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं

# बेटियों को दी कई प्रकार की जानकारियां

■ धानाचूली/एसएनबी।

राजकीय इंटर कालेज चौरलेख में बालिकाओं के लिए एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**ब्लाक स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत आयोजित किया गया। बृहस्पतिवार को धारी विकास खंड के राइंका चौरलेख विकासखंड धारी के विद्यालयो के 105 छात्राओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस दौरान कार्यशाला में डा. रेनू आर्य चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, डा. आरती जैन प्रवक्ता डाइट भीमताल, दीपा रैकवाल ने मिलकर क्रमशः किशोर्यकाल में बालिकाओ में परिवर्तन समस्याएं, समाधान के साथ बालिकाओं को आत्मरक्षा के अलावा संतुलित आहार ,स्वास्थ्य जीवन कौशल व कैरियर काउंसलिंग के विषयों पर सक्रिय चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहनचंद मेलकानी द्वारा की गई।यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी धारी चक्षुष्पति अवस्थी के दिशा निर्देश में संपादित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज बर्मा द्वारा किया गया। जबकि समापन पर संजय गुरुरानी द्वारा बालिकाओं को नैपकिन व हैंडवाश वितरित किये गए। इस मौके पर संयोजक हेमचंद जोशी, अनिल शर्मा, संजय गुरनानी दीपक चंद्र सनवाल,महेश चंद्र आर्य, हरीश चंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार, पंकज आदि लोग मौजूद थे।

## बालिकाओं को आत्मसुरक्षा की दी जानकारी

**पहाड़पानी।** राजकीय इंटर कॉलेज चोरलेख में किशोरव्य बालिकाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला हुई। डॉ. रेनू आर्य, डॉ. आरती जैन, दीपा रैक्वाल ने किशोरियों को शौर्यकाल के परिवर्तन, समस्याएं और समाधान के साथ बालिका आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। राइंका पहाड़पानी प्रधानाचार्य मोहन चंद्र मेलकानी, खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी, पंकज वर्मा, संजय गुरुरानी, पंकज वर्मा की ओर से 130 से अधिक छात्राओं को हैंडवाश और नैपकिन दिए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य हेम जोशी, दीपक सनवाल, महेश आर्य, हरीश तिवारी आदि थे। (संवाद)

# बालिकाओं के विकास से बनेगा समृद्ध समाज



कार्यशाला में मौजूद विभिन्न स्कूलों की बालिकाएं

**भीमताल।** अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज भीमताल में मंगलवार को बालिका अभिप्रेरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी मान सिंह ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा बालिका विकास से ही समृद्ध समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।सहसंयोजक प्रधानाचार्य आरके वर्मा ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन की बात करते हुए समाज में बालिकाओं की स्थिति पर विचार व्यक्त किए।

जिला प्रशिक्षण संस्थान भीमताल की प्रवक्ता डा. आरती जैन ने किशोरावस्था में बालिकाओं के लिए आवश्यक पोषण एवं संतुलित आहार की आवश्यकता बताई। वन स्टॉप सेंटर हल्द्वानी की सरोजनी जोशी ने बालिका आत्मरक्षा एवं अधिकारों के विषय में बताया। प्रवक्ता कुसुमलता वर्मा ने बालिकाओं के करियर की संभावनाओं के बारे में बताया। बाल विकास अधिकारी विनीता सक्सेना ने किशोरवय के परिवर्तन, समस्याएं एवं समाधान विषय पर बालिकाओं को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने समस्या समाधान की विधि भी बताई। सरकार की ओर से बालिकाओं की उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार जोशी ने किया। इस दौरान पूनम नैनवाल, तारा बिष्ट, गीता रानी सहित भीमताल, जंगलियागांव, नौकुचिया ताल, मेहरागांव, भवाली के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## किशोरावस्था में संतुलित आहार लें बालिकाएं



**भीमताल।** नगर के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भीमताल में बालिकाओं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। बीईओ मान सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्राओं से शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने को कहा। प्रधानाचार्य आरके वर्मा ने शिक्षा प्रोत्साहन को लेकर वर्तमान समय में बालिकाओं की स्थिति को लेकर अवगत कराया। डायट प्रवक्ता डॉ. आरती जैन ने किशोरावस्था में बालिकाओं के लिए आवश्यक पोषण और संतुलित आहार लिए जाने को जरूरी बताया। साथ ही महिला हेल्प लाइन और आत्म सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। सरोजनी जोशी ने बालिका अधिकारियों के बारे में अवगत कराने के साथ बालिका सुरक्षा को लेकर बनाए गए कानूनों को समझाया। इस दौरान डायट प्रवक्ता कुसुमलता वर्मा, प्रभारी बाल विकास अधिकारी विनीता सक्सेना, पूनम नैनवाल, तारा बिष्ट, गीता लोहनी आदि थे। संचालन प्रदीप कुमार जोशी ने किया। इस दौरान (संवाद)

# बालिका विकास से समृद्ध समाज की परिकल्पना साकार

**भीमताल।** अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज भीमताल में मंगलवार को बालिका अभिप्रेरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी मान सिंह ने किया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा बालिका विकास से ही समृद्ध समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

सहसंयोजक प्रधानाचार्य आरके वर्मा ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन की बात करते हुए समाज में बालिकाओं की स्थिति पर विचार व्यक्त किए। जिला प्रशिक्षण संस्थान भीमताल की प्रवक्ता डॉ. आरती जैन ने किशोरावस्था में बालिकाओं के लिए आवश्यक पोषण व संतुलित आहार की आवश्यकता बताई। वन स्टॉप सेंटर हल्द्वानी की सरोजनी जोशी ने बालिका आत्मरक्षा व अधिकारों के विषय में बताया। प्रवक्ता कुसुमलता वर्मा ने बालिकाओं के कॅरियर की संभावनाओं के बारे में बताया। यहां बाल विकास अधिकारी विनीता सक्सेना, प्रदीप कुमार जोशी ने किया। यहां पूनम नैनवाल, तारा बिष्ट, गीता रानी, भीमताल, नौकुचिया ताल, मेहरागांव, भवाली के विद्यार्थी रहे।